# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

**Email- dfo_bageshwar@rediffmail.com/dfobageshwar03gmail.com**

दूरभाष नं0:– **05963-220249** फैक्स नं0:– **05963-220209**


पत्रांक 209 / 12-1-2 बागेश्वर दिनांक : 14 / 07 /2015

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लो0निवि0 कपकोट।

**विषय :– विभिन्न प्रस्तावित मोटर मार्गो के निर्माण का प्रस्ताव।**
**संदर्भ :– आपका पत्रांक–1164/2 ई0 एवं 1165/2ई0 दिनांक 09.07.2015।**

महोदय,

उक्त संदर्भित पत्र के क्रम में आपके द्वारा सूचित किया गया है कि आपके स्तर से विभिन्न प्रस्तावित मोटर मार्गो **(वालीघाट–धरमघर–खन्तोला पुल से गुरगुच्वा प्रा0वा0 तक मोटर मार्ग एवं भयू गुलेर किमी0 2 से स्वतंत्रता सेनानी लछमगिरी के मकान तक मोटर मार्ग**) के संरेखण संख्या–1 में वृक्षों की व्यासवार सूची बनाकर संलग्न किया गया है, तथा वैकल्पिक संरेखण संख्या–2 में एरिया अधिक आने के कारण प्रभावित होने वाले वृक्षों की संख्या भी अधिक आ रही थी। आपके द्वारा अपने पत्र में वैकल्पिक संरेखण सं0 2 में व्यासवार वृक्षों की सूची बनाने हेतु सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किये जाने बावत भी लिखा गया है। इस संबंध में आपको यह अवगत कराया जाना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग के वैकल्पिक संरेखण–2 हेतु जो क्षेत्र आपके द्वा चिन्हित/सीमांकन किया गया है, उसमें मोटर मार्ग से सम्बन्धित क्षेत्र के वन विभाग के अधीनस्थ स्टाफ को साथ में लेकर गणना करवायें एवं व्यासवार सूची तैयार करवाकर भिजवायें। गणना कार्य हेतु आपके द्वारा सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी के साथ सहमति बनाकर तिथि निर्धारित कर अपने अवर अभियन्ताओं को मोटर मार्ग संरेखण हेतु चिन्हित क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण करने हेतु निर्देश भी दिया जाना आवश्यक है।

(एम0बी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर।

12-1-2

पत्रांक 209 / दिनांकित।

**प्रतिलिपि**–अधिशासी अभियन्ता,लो0नि0वि0 बागेश्वर,पी.एम.जी.एस.वाई.बागेश्वर एवं कपकोट को सूचनार्थ एवं आप भी उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे।

**प्रतिलिपि**– उप प्रभागीय वनाधिकारी,बागेश्वर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–समस्त वन क्षेत्राधिकारी बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर को इस आशय से प्रेषित कि आपके वन क्षेत्र अन्तर्गत जो भी प्रस्तावित मोटर मार्ग है, उनमें संरेखण–1 में चिन्हित वृक्षों की व्यासवार गणना कर आपके द्वारा पूर्व में प्रेषित कर दी गई है। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में वैकल्पिक संरेखण–2 में प्रभावित वृक्षों की गणना कर सूची प्रेषित किये जाने हेतु प्रस्तावक विभाग को लिखा गया है। उनके द्वारा आपके एवं अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से वृक्षों की सूची तैयार किये जाने वावत आप से सम्पर्क किये जाने पर आप भी अपने स्तर से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। ताकि प्रस्तावित मोटर मार्गो पर वन भूमि हस्तान्तरण की अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

(एम0बी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर।

Adhishasi Abhiyanta